हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 नवंबर 2025

04 गुना पुलिस हर बच्चे की मुस्कान की सुरक्षा के...



07 प्रशासन ने लगभग दस करोड़ की भूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त





## समाचार संक्षेप

### जिले की पहली महिला बीएलओ बनीं सोनम मीना, एसआईआर का शत-प्रतिशत कार्य किया पूर्ण




**गुना।** जिले में मतदाता सूची एसआईआर कार्य में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए तहसील कुंभराज अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 30 चांचौड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक 47 खेड़लीटांका की महिला बीएलओ सोनम मीना ने एसआईआर का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। जिले में यह उपलब्धि हासिल करने वाली वे पहली महिला बनी हैं। कार्य पूर्ण होने के पश्चात सोनम मीना ने अपने सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। एसआईआर कार्य समय पर और शत-प्रतिशत पूर्ण कर श्रीमती मीना ने निर्वाचन कार्यों में दक्षता और जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी इस उपलब्धि से कुंभराज तहसील एवं गुना जिले का गौरव बढ़ा है।

### तेज रफ्तार अपाचे चालक दीवार से टकराया, हुई मौत



**गुना।** गुना जिले के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वंदना कान्वेंट के पीछे एक तेज रफ्तार अपाचे चालक दो मकान से टकराता हुआ एक दीवार में जा भिड़ा, गंभीर घायल होने पर नजदीक में रह रहे एक एएसआई ने उसको अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत रोज सुबह एक अपाचे चालक वंदना कान्वेंट के पीछे तेज रफ्तार अपाचे गाड़ी चलाता हुआ पहले एएसआई संतोष तिवारी के मकान से टकराया उसके बाद राजेन्द्र श्रीवास्तव के मकान में जा भिड़ा, बताया जाता है कि गाड़ी चालक नशे की हालत में था और गाड़ी की स्पीड भी 90 के आसपास थी। गंभीर घायल होने पर नजदीक में रह रहे एएसआई संतोष तिवारी ने लोगों की मदद से उसको अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने गंभीर घायल नाबालिग देव राठौर पुत्र राजकुमार राठौर उम्र 15 साल निवासी बलवंत नगर को मृत घोषित कर दिया।

### फतेहगढ़ थानांर्तत ग्राम जौहरी में किराने की दुकान से बिकी अवैध शराब, केस दर्ज

**गुना।** 24 नवम्बर की रात फतेहगढ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम जौहरी में विमल धाकड़ नामक व्यक्ति अपनी किराने की दुकान अवैध रूप से शराब रखकर बेच रहा है । थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्रय की सूचना के मिलते ही सूचना की तस्दीक और कार्यवाही हेतु फतेहगढ थाने से पुलिस की एक टीम तत्काल रवाना होकर ग्राम चौहरी पहुंची और जहां मुखबिर की बताई दुकान पर दविश देकर दुकान में बैठे व्यक्ति को हिरासत में लेकर नाम पता पूछने पर उसके द्वारा अपना नाम विमल पुत्र भोलाराम धाकड़ उम्र 24 साल निवासी ग्राम जौहरी थाना फतेहगढ़ जिला गुना का होना बताया एवं जिसकी दुकान में प्लास्टिक के दो बड़े-बड़े कट्टों में शराब के क्वाटर एवं बीयर की बोतलों से भरे 09 कार्टून मिले, जिनमें 03 पेटियों में लाल मशाला शराब के 139 क्वाटर, 02 पेटियों में प्लेन शराब के 82 क्वाटर तथा 04 पेटियों में बीयर की 46 बोतलें मिलीं । आरोपी विमल धाकड़ के कब्जे से बरामद देशी शराब के कुल 221 क्वाटर एवं बीयर की 46 बोतलें कुल कीमती करीबन 30,000/-रूपये को पुलिस ने विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरुद्ध फतेहगढ थाने में अपराध क्रमांक 281/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है ।


## जेवर, नगदी, राशन , घी और मिक्सी तक ले उड़े अज्ञात चोर

# कलेक्ट्रेट की महिला कर्मचारी के सूने घर में चोरों ने मारा धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में चोरी की वारदातें दिनों दिन बढ़ती जा रही है चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सरकारी आवासों पर भी लगातार निशाना साधने से नहीं चूक रहे । हालिया मामला प्रकाश में आया है जहां कलेक्ट्रेट में भृत्य के पद पर पदस्थ महिला के सिविल लाइन स्थित सूने मकान में चोरों ने सेंध लगाकर लाखों के जेवरात और नगदी एवं कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया ।घटना के बाद सिविल लाइन क्षेत्र के तमाम रहवासी दहशत में हैं । पीड़ित परिवार ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए चोरी गए सामान के वापसी की दरख्वास्त की है ।अब देखना होगा कि पुलिस को कामयाबी कब और किस हद तक मिल पाती है।



### क्या है पूरा मामला?

पीड़िता के अनुसार 23 नबंवर को जब घर का ताला लगा हुआ था तभी किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरे सूने घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गये एंव अंदर गोदरेज अलमारी में रखी रकम सोने के चैंप्स एंव चांदी की करदोनी, सोने का मंगलसूत्र एंव सोने के ओग लोकेट, चांदी की पायल व चांदी के हाथफूल व बच्चो की चार जोड़ पावल एंव चांदी के धार सिक्के व एवं दो जोड़ चांदी की पतली पायल एंव नगदी 8000 रु. व घर का राशन का सामान 5 किलो देशी घी गाय का एंव मिक्सी मशीन व अन्य सामान चोरी करके ले गये।

### पड़ोसियों द्वारा पता चला

*चोरी की घटना के बारे में अनीता को पड़ोसियों द्वारा पता चला । जैसे ही घर पर पहुंची तो घर का ताला टूटा हुआ था व विषयानुसार सामान चोरी हो गया था। अनीता ने बताया कि वह एक गमी में शामिल होने के लिए घर में ताला डाल कर गई थी तभी यह घटना हो गई।*

### पति की मृत्यु के बाद अनुकंपा में मिली है नौकरी

अनीता आदिवासी वर्तमान में कलेक्टर कार्यालय में भृत्य के पद पर पदस्थ हैं और सिविल लाइन स्थित क्वार्टर नंबर 64/3 में निवास करती हैं। दुख भरी बात यह है कि जिस महिला की गृहस्थी को बदमाशों ने लूट लिया उसके पति कलेक्ट्रेट में जॉब करते थे। उनका आकस्मिक निधन होने के बाद महिला को अनुकंपा में यह नौकरी प्राप्त हुई है और तभी से वह अपने दुख को सहती हुई परिवार का पालन पोषण कर रही है उनकी दो बेटियां भी हैं। चोरी की इस घटना के बाद उसकी ग्रहस्थी एक तरह से तबाह हो गई ।

### नानाखेड़ी मंडी से दो पिकअप से 60 क्विंटल मक्का चोरी, कैंट थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों की करतूत

**गुना ।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। ग्राम महोदरा निवासी रवि साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत दोपहर उन्होंने अपनी बुलेरो पिकअप एमपी 08-3730 और राज साहू की पिकअप एमपी 08-3965 में लगभग 30-30 क्विंटल मक्का भरकर नानाखेड़ी मंडी भेजा था। दोनों वाहनों को रात करीब 9 बजे मंडी में खड़ा कर चालक गिर्राज भील और प्रधुम भील वापस गांव लौट आए थे। अगले दिन जब रवि साहू और राज साहू मंडी पहुंचे, तो उनकी दोनों पिकअप खाली मिलीं। रवि की गाड़ी मंडी परिसर में तथा राज की गाड़ी दशहरा मैदान में खाली हालत में मिली। अज्ञात चोर रात में दोनों गाड़ियों से करीब 60 क्विंटल मक्का चोरी कर ले गए। फरियादी ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## हथियार दिखाकर घर से उठा ले गए 15 वर्षीय किशोरी के साथ गैंगरेप

» परिजनों का पुलिस पर गंभीर आरोप 24 घंटे बाद सड़क पर बेसुध मिली बच्ची

» मरणासन्न हालत में एसपी कार्यालय लेकर पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बमोरी तहसील के सोनखरा गांव में एक दिल दहला देने वाली गैंगरेप की वारदात सामने आई है। 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण 22 नवंबर 25 की रात को किया गया था। वह 24 घंटे बाद गांव की सडक़ पर बेहोशी की हालत में मिली, जिसके शरीर के नाजुक अंगों से भारी रक्तस्त्राव हो रहा था और उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी।

घटना से व्यथित परिजन बच्ची को लेकर सीधे गुना पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे। परिजनों ने एसपी को बताया कि बमोरी पुलिस उनकी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है, और यहाँ तक कि एफआईआर दर्ज करने में भी आनाकानी की गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, पीड़ित बच्ची के पिता ने 23 नवंबर 25 की सुबह 5 बजे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी घर से गायब है। उन्हें अजय राजपूत (शिकारी) निवासी माधौपुर पर संदेह था, जिसका फोन उनकी बेटी के फोन पर आता था, और उन्हें आशंका थी कि अजय ही उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया होगा। परिजनों के अनुसार सुबह करीब 5 बजे आरोपी अपने दो-तीन अन्य साथियों के साथ घर के पीछे वाले हिस्से से घुसकर लडक़ी के कमरे में घुसा और हथियारों की नोक पर उसे ले गए। परिजनों का आरोप है कि शुरुआती शिकायत पर पुलिस ने कोई तत्परता नहीं दिखाई। अगले दिन जब बच्ची उन्हें देर रात सडक़ पर बेसुध और बदहाल मिली, तो उन्होंने दोबारा पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद भी पुलिसकर्मियों ने सहयोग करने के बजाय, कथित तौर पर उन्हें धमकाते हुए कहा कि तुमने मेरे हिसाब से कार्रवाई नहीं करने दी, अब खुद इलाज कराओ। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने गुना आ रहे थे, तो पुलिसकर्मियों ने उनके पीछे लगकर उन्हें रोकने का भी प्रयास किया।

परिजनों के एसपी कार्यालय पहुंचने पर, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया और एडिशनल एसपी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने तुरंत परिजनों से मुलाकात की और बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। इस दौरान, एसपी कार्यालय में उपस्थित एसडीओपी विवेक अष्ठाना ने परिजनों को समझाते हुए कहा कि वे तुरंत बच्ची को अस्पताल ले जाएँ। उन्होंने आश्वासन दिया कि थाना प्रभारी को वहीं भेजा जा रहा है, जहाँ बच्ची के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कक्ष में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएँ सुनकर संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य सेवाएँ और नामांतरण से जुड़े अनेक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश जारी किए गए।कलेक्टर श्री कन्याल के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई स्थल पर विशेष स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान 70 प्लस वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नेत्र परीक्षण, एचआईवी जाँच सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए, जिनका बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ लिया। साथ ही, नागरिकों को तत्काल सेवा उपलब्ध कराने हेतु आधार पंजीयन काउंटर लगाया गया, जिसमें कई लोगों ने पंजीयन और अपडेट संबंधी कार्य कराए। स्वास्थ्य परीक्षण हेल्प डेस्क में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जाँचें की गईं और विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया, विधिक सहायता के तहत नागरिकों को कानूनी अधिकारों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की गई, एचआईवी/एड्स जागरूकता हेल्प डेस्क के माध्यम से जांच, परामर्श और जागरूकता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में पात्रता, आवेदन और सत्यापन की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई। जनसुनवाई के दौरान लगाए गए सभी पंजीयन काउंटर, आयुष्मान कार्ड कैंप, स्वास्थ्य जांच, कानूनी सहायता, आधार सेवा केंद्र—का नागरिकों ने व्यापक रूप से लाभ उठाया।जनसुनवाई में कलेक्टर श्री कन्याल ने इलाज हेतु सहायता मांगने वाले आवेदक गणेश रजक को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता व गोपाल पंत पुत्र ओंमकार लाल पंत निवासी सकतपुर रोड गुना को भी 15 हजार रूपये की राशि पत्नी के इलाज के लिए स्वीकृत की। तत्पश्चात, रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से दोनों आवेदको को सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।



## हेलमेट का उपयोग बढ़ाने के लिए रेडक्रॉस की पहल

# थोड़ी-सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती है: कन्याल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मंगलवार को हेलमेट उपयोग बढ़ाने के लिए विचार गोष्ठी और रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने सड़क सुरक्षा को लेकर स्पष्ट कहा "जब भी एक्सीडेंट की खबर आती है, दुख होता है।

गहराई में जाने पर पता चलता है थोड़ी सावधानी बरती जाती, तो घटना टल सकती थी या नुकसान कम होता।"कलेक्टर ने बताया जिला प्रशासन 30 नवंबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाएगा, जिसमें लोगों को हेलमेट पहनने की समझाइश दी जाएगी और हेलमेट पहनने वालों का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा हेलमेट चुनते समय क्वालिटी से कोई समझौता न करें। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने स्वयं हेलमेट पहनकर सभी को हेलमेट लगाने की सुरक्षा शपथ दिलाई। कलेक्टर ने दो टूक कहा—"टू-व्हीलर पर घर से निकलें, तो हेलमेट लगाना आदत नहीं, जिम्मेदारी बनाएं।"कार्यक्रम में शिविर से जुड़े प्रतिभागियों और आयोजन से संबंधित स्टाफ को प्रतीकात्मक रूप से हेलमेट वितरित भी किए गए। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि वे अब बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाएंगे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा हेलमेट पहनने की सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाई गई तथा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह एवं जागरूकता बढ़ी।कार्यक्रम में डॉ. बुनकर द्वारा हेलमेट के सदुपयोग व सड़क सुरक्षा पर केंद्रित एक प्रभावशाली कविता पढ़कर सुनाई गई, जिसने सभी उपस्थितजनों को जागरूक किया।

डॉ. एलके शर्मा द्वारा स्वागत भाषण एवं डॉ. रामवीर रघुवंशी द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आशीष मंगल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। शिविर के आयोजन में सहा. प्रबंधक डॉ॰ सूरज सिंह, ब्लड बैंक अधिकारी डॉ॰ अशोक एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उक्त अवसर पर चंद्रेश जैन, प्रदीप जैन, संजय राठी, विकास टांटिया एवं रमेश मालवीय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## समाचार संक्षेप

### पीव्हीटीजी परिवारों के स्वास्थ्य कार्ड निर्माण कार्य का सीबीएमओ ने किया निरीक्षण



**गुना।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम मुडरा खुर्द में PVTG समुदाय के लिए बनाए जा रहे स्वास्थ्य कार्ड कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (CBMO) डॉ. के. एन. भिलवारे स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरे कार्य की प्रगति का जायज़ा लिया। सीबीएमओ डॉ. भिलवारे ने टीम को PVTG परिवारों के सर्वे, स्वास्थ्य डाटा संकलन, टीबी स्क्रीनिंग, पोषण स्थिति, टीकाकरण तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जानकारी को सटीक एवं समय पर दर्ज कर स्वास्थ्य कार्ड तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और बीमारियों की स्थिति की जानकारी भी ली।डॉ. भिलवारे ने कहा कि "PVTG समुदाय तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना विभाग की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य कार्ड तैयार होने से प्रत्येक परिवार की स्वास्थ्य स्थिति का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध होगा, जिससे आगामी योजनाएँ और प्रभावी ढंग से संचालित की जा सकेंगी।<निरीक्षण के दौरान टीम को समयबद्ध सर्वे पूरा करने, जरूरतमंद परिवारों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तथा समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए।

### 13 वर्षीय बच्ची का शासकीय योजना से हुआ सफल उपचार

**गुना।** रायपुर कलां के प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान RBSK टीम ने एक 13 वर्षीय बच्ची में गंभीर हृदय रोग का पता लगाकर उसकी जान बचाई। विद्यालय में पढ़ने वाली स्वार्थी अहिरवार की जांच के दौरान RBSK डॉ. लोकेंद्र कुशवाह ने दिल की धड़कन में अनियमितता देखी और तुरंत हार्ट डिफेक्ट की आशंका जताई। बाद की जांच में स्वार्थी के दिल में तीन छेद पाए गए।स्थिति को गंभीर मानते हुए बच्ची को जिला अस्पताल गुना के DEIC (शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र) भेजा गया। यहां CHMO सर डॉ राजकुमार ऋषिश्वर जी एवं DEIC प्रभारी विनीता सोनी के निर्देश में आगे के कार्य को शीघ्र बढ़ाया तथा CBMO आरोन डॉ. K. N. भिलवाड़े के निर्देश पर उपचार की प्रक्रिया तेज की गई।बच्ची के पिता मानसिक बीमारी से जूझ रहे हैं, ऐसे में RBSK टीम ने अन्य परिजनों से संपर्क कर बीमारी की गंभीरता समझाई और ऑपरेशन हेतु सहमति ली। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद बच्ची का संपूर्ण उपचार सरकारी योजना के अंतर्गत निशुल्क किया गया।अधिकारियों के निर्देश और RBSK टीम की तत्परता से स्वार्थी का ऑपरेशन सफल रहा और अब उसकी हालत स्थिर है। यह मामला स्कूल स्वास्थ्य परीक्षण की उपयोगिता का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

### चाचौड़ा विधानसभा के बीएलओ ने सबसे पहले SIR कार्य किया पूर्ण, अधिकारी ने किया सम्मान

**बीनागंज।** विधानसभा 30 चाचौड़ा के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्र क्रमांक 147 खातोली के बीएलओ बनवारी मीणा द्वारा सर्वप्रथम SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए आज चाचौड़ा के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा बंधन रेस्टोरेंट पर बनवारी मीणा को उनके परिवार सहित आमंत्रित कर रात्रि भोज कराया गया और उनके कार्य की सराहना की गई। इसी क्रम में विधानसभा 30 चाचौड़ा, तहसील कुंभराज से गुना जिले की पहली महिला बीएलओ के रूप में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोनम मीना ने भी SIR का 100% कार्य पूर्ण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

### जिले के 216 स्कूलों में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

# गुना पुलिस हर बच्चे की मुस्कान की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना




पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के निर्देशों पर दिनांक 01 नवंबर से 30 नवबंर 2025 तक चल रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत गुना पुलिस द्वारा बाल सुरक्षा जागरूकता को जन-जन तक पहुँचाने की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 24 नवम्बर 2025 को पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जिले भर के 216 शैक्षणिक संस्थानों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाकर हजारों विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई । आज निम्नानुसार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए — अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के द्वारा एकलब्य आवसीय छात्रावास गुना में जागरूकता कार्यक्रम आयाजित कर अभियान की जानकारी देकर बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । इसी प्रकार डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दीकी द्वारा 02 स्कूल, सीएसपी गुना श्रीमति प्रियंका मिश्रा द्वारा 08 स्कूल, एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे द्वारा 03 स्कूल, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा द्वारा 03 स्कूल सहित जिले के सभी थाना कोतवाली गुना, कैंट, महिला थाना, अजाक, बजरंगगढ़, विजयपुर, आरोन, धरनावदा, म्याना, बमोरी, फतेहगढ़, सिरसी, चांचौड़ा, कुम्भराज, मृगवास, जामनेर एवं मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्रों में कुल 216 शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए । कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को निम्न प्रमुख विषयों पर जागरूक किया गया — POCSO Act — नाबालिगों के अधिकार और कानूनी सुरक्षा Good Touch–Bad Touch — सुरक्षित और असुरक्षित व्यवहार की पहचान Cyber Safety & Online Frauds — इंटरनेट एवं सोशल मीडिया पर सुरक्षा बाल विवाह, बाल श्रम, बाल अपराध — रोकथाम एवं कानून आवश्यक हेल्पलाइन- चाइल्ड हेल्पलाइनः 1098, आपातकालीन सेवाः 112, साइबर फ्रॉड हेल्पलाइनः 1930 साथ ही स्थानीय पुलिस के संपर्क नंबर बच्चों को उपलब्ध कराए गए । "गुना पुलिस हर बच्चे की मुस्कान की सुरक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित है । इसमें समाज की भागीदारी से ही एक सुरक्षित माहौल का निर्माण संभव है । " गुना पुलिस की जिलेवासियों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, बाल सुरक्षा से जुड़े अपराध या गुमशुदगी की तत्काल सूचना पुलिस को दें और बच्चों की सुरक्षा में सहयोग करें ।

### राष्ट्र वर्धन कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राघौगढ़

नगर के राष्ट्र वर्धन स्कूल में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत राघौगढ़ एसडीओपी महोदया दीपा डुडवे एवं थाना प्रभारी राघोगढ़ आनंद कुमार राय ने बच्चों को जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में बच्चों को साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, पोक्सो एक्ट, महिला हेल्प डेस्क और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112,1930 के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य बिंदुः- साइबर अपराध से बचावः बच्चों को साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक किया गया, सोशल मीडिया पर अपने फोटो एवं पारिवारिक जानकारी शेयर ना करने की हिदायत भी बच्चों को दी गई।- महिला सुरक्षाः महिला सुरक्षा और पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र में किए गए विवाह बाल विवाह के अंतर्गत आते हैं। इसलिए हमें हमारे समाज को भी जागृत करते रहना चाहिए।

राघौगढ़ थाना प्रभारी आनंद कुमार राय जी ने बच्चों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112,1930 के बारे में बताया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपराधों से बचाने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए जागरूक करना था। उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य योगेश भारद्वाज एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### श्री जीर्ण माता सेवा समिति के सानिध्य में हुआ जीर्ण मंगल शक्ति पाठ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना

श्री जीर्ण माता सेवा समिति के सानिध्य मे गर्ग् परिवार मे (अनिल गर्ग सुमित्रा सैनेट्री वालों) के सुपुत्र समर्थ गर्ग के विवाह उपलक्ष्य मे टीयाज रिसोर्ट टेकरी रोड पर जीर्ण मंगल शक्ति पाठ किया गया एवम् माँ भवानी का भव्य फूलो द्वारा दरवार् सजाया गया और पूजन अर्चना कि गई तपश्चात भजन गायक आचार्य सौरभ भार्गव जी अमृतवाणी से संगीतमय मंगल पाठ का रसास्वधन कराया और चुनरी महोत्सव बड़े हि धूमधाम से किया गया जिसमें मातारानी को चुनरी उड़ाई।और माता के भजन का गुण गान किया।

गर्ग परिवार के सभी वरिष्ठजन और महिलाओं ने मां भागवती की आरती की इसके बाद सभी लोगों ने महा प्रसादी ग्रहण की। जिसमें समिति के विमल गर्ग प्रदीप गर्ग संजय गर्ग बिजय गर्ग धुर्व नारायण गोयल, विवेक गर्ग आदि सभी ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

### बोरी बंधान किया गया

**ईसागढ़।** नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति भर्रोली और बमनावर में जल संचय अभियान तहत बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया।

## गुना जिले में उमंग सेंटर व पीयर एजुकेटर कार्यक्रम का स्टेट स्तर पर निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना



राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (RKSK) के अंतर्गत राज्य सलाहकार मुस्कान कौशिक द्वारा जिले में 2 दिवसीय भ्रमण के दौरान संचालित उमंग सेंटर एवं पीयर एजुकेटर कार्यक्रम का उच्चस्तरीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में क्लाइंट रजिस्टर, सर्विस डिलीवरी रिकॉर्ड, आउटरीच दस्तावेज, काउंसलिंग सेवाओं एवं रेफरल प्रक्रिया का परीक्षण किया गया। प्रथम दिवस मेंमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार ऋषिश्वर तथा जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ आरआर माथुर एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम जिला समन्वयक विनीता सोनी, जिला लेखा प्रबंधक मनोज सलूजा, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर प्रदीप कुशवाह द्वारा स्टेट टीम के साथ कार्यक्रम की प्रगति, सेवा विस्तार, मानव संसाधन, दस्तावेजीकरण, आउटरीच गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।स्टेट टीम द्वारा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ वीरेंद्र सिंह रघुवंशी एवं डॉ सूरज सिंह हॉस्पिटल मैनेजर के साथ नव निर्मित चिकित्सक भवन में उमंग सेंटर हेतु प्रस्तावित कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। सीबीएमओ डॉ केएन भीलबारे से सिविल हॉस्पिटल आरोन में संचालित उमंग क्लीनिक पर चर्चा करते हुए क्लीनिक में पदस्थ काउंसलर राजीव रघुवंशी को कार्य के प्रति लापरवाही और खराब प्रदर्शन को लेकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम बांसखेड़ी में साथिया एवं पीयर एजुकेटर से फील्ड स्तर पर चर्चा कर प्रशिक्षण, गतिविधियों एवं रेफरल तंत्र की समीक्षा की गई।

## मध्यप्रदेश में एसआईआर के कार्य में अशोकनगर प्रथम स्थान पर

**पुनरीक्षण का कार्य 87.5 प्रतिशत पर पहुंचा, कलेक्टर ने कहा 48 घंटों में 100 प्रतिशत पर आंकड़ा होगा**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

मध्यप्रदेश में एसआईआर के कार्य में अशोकनगर प्रथम स्थान पर, पुनरीक्षण का कार्य 87.5 प्रतिशत पर पहुंचा, कलेक्टर ने कहा 48 घण्टों में 100 प्रतिशत पर आंकड़ा होगा। जिसे लेकर कलेक्टर ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र चंदेरी अंतर्गत निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में भ्रमण कर शत प्रतिशत गणना पत्रकों का बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्राम ढाकोनी पहुंचकर पुनरीक्षण कार्य के संबंध में बीएलओ से जानकारी ली तथा गणना पत्रक शतप्रतिशत ऑनलाइन किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पचलाना एवं कोहरवास में एसआइआर कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त कर डिजिटाइजेशन कार्य में प्रगति लाई जाए। ग्रामों में चैपाल लगाकर शेष रहे मतदाताओं के गणना पत्रक भरवाकर उन्हे बीएलओ एप पर अपलोड किया जाए।

**सचिव की दो वेतन वृद्धि रोकने और रोजगार सहायक का वेतन काटने के निर्देश** उन्होनें कोहरवास में कम्प्यूटर सिस्टम खराब होने से एस.आई.आर के कार्य में कम प्रगति होने पर सचिव के.पी यादव की दो वेतन वृद्धि रोके जाने तथा रोजगार सहायक जसपाल यादव का 15 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए।

## सीपीआर/बीएलएस प्रशिक्षण आयोजित कर राहवीर योजना के संबंध में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर एवं चिकित्सक सिविल हॉस्पिटल चंदेरी डॉ. अमन खान द्वारा दिनांक 24.11.2025 कों जिले में चिन्हित ब्लैक स्पोट कौशिक महल के पास चंदेरी पर आमजन एवं आसपास के दुकानदारों को सीपीआर/ बीएलएस प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को चिकित्सीय सहायता मिलने से पूर्व दी जा सकने वाली प्राथमिक जीवनरक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित लोंगों को गोल्डन आवर के संबंध में जानकारी देते हुये बताया गया कि गंभीर चोट लगने के बाद शुरूआती एक घण्टे सबसे महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इसी अवधि में शीघ्र चिकित्सा सहायता मिलने पर घायल व्यक्ति की जीवनरक्षा की सबसे अधिक संभावना रहती है। साथ ही राहवीर योजना के संबंध में बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य सडक दुर्घटना के पीडितों की मदद करने हेतु आम नागरिकों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना है। सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति तत्काल मदद करने वाले प्रत्येक राहवीर के लिये सरकार द्वारा पुरुष्कार राशि 25,000 रूपये निर्धारित की गई है। योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक लोंगों को सडक दुर्घटना में पीडितों की तत्काल सहायता के लिये आगे आने हेतु प्रोत्साहित करना है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील राघौगढ, जिला-गुना म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0009/अ-20(3)/2025-26

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका राघौगढ़............. आवेदक
विरुद्ध
म.प्र.शासन.................... अनावेदक

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका राघौगढ द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला-गुन्ना के समक्ष ग्राम कस्बा राघौगढ स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 759 रकवा 23.9020 हे. में से रकवा 0.5000 हे. भूमि फायर स्टेशन निर्माण हेतु आवंटित किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अगर उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से सात दिवस के अंदर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, बाद गुजरने म्याद कोई भी आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

आज दिनांक 25/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा द्वारा , जारी।

**तहसीलदार**
**परगना राघौगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील राघौगढ, जिला-गुना म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0008/अ-20(3)/2025-26

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपारितका राधौगढ़......... आवेदक
विरुद्ध
म.प्र.शासन.................. अनावेदक

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका राधौगढ द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला-गुना के समक्ष ग्राम कस्बा राघौगढ स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 759 रकवा 23.9020 हे. में से रकवा 1.000 हे. भूमि गीता भवन निर्माण हेतु आवंटित किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अगर उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से सात दिवस के अंदर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, बाद गुजरने म्याद कोई भी आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

आज दिनांक 25/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा द्वारा, जारी।

**तहसीलदार**
**परगना राघौगढ़**


**उठावना**



**स्मृतिशेष श्रीमती समता जैन**
**पत्नी स्वर्गीय सुनील जैन भारत**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है
स्वर्गीय श्रीमती समता जैन
पत्नी स्वर्गीय सुनील जैन भारत
का आकस्मिक निधन 24 नवंबर 2025 को हो गया है जिनके उठावने का कार्यक्रम 26 नवंबर बुधवार को सुबह 10:00 बजे स्थानीय
श्री सुधासागर मांगलिक जैन भवन शान्ति नगर अशोकनगर पर रखा गया है।

**उनका स्नेह, आर्शीर्वाद हम सब पर सदैव बना रहे .....**

**शोकाकुल**
सिद्धार्थ (शालू), गौरव, विकास, अभय, रिंकू
एवं समस्त भारत परिवार, अशोकनगर

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी रानी यादव रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से शीलकुमार यादव, सावित्री वाई, सोनम यादव ने दहेज की मांग पर से उससे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### कुए में गिरने से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम भुगावली निवासी शांतिबाई पत्नी मुसाब सिंह यादव उम्र 60 साल कुए पर पानी भरने गई थी कि उसी वक्त अचानक कुए में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावन निवासी रहीस बेग ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजीव, वरूण, और तरूण रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रसूलपुर गरेंठा निवासी यशराज सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक, अंकित और रामू रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला निवासी रामकुमार ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जण्डेल सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रांवसर में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

**अशोकनगर।** मुस्कान अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रांवसर के हायर सेकेण्ड्री स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर देहात थाने से राकेश सिंह, देवेन्द्र शर्मा, और मेघा बुन्देला ने प्राचार्य जगदीश शर्मा के मार्ग दर्शन में छात्र छात्राओं को जागरूक किया । इस मौके पर गांव में रैली निकाली गई और ग्रामवासियों को भी जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस मौके पर गांव के गणमान्य नागरिकों में सरपंच रंजीत सिंह, जनपद सदस्य, सचिव और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### 10 बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा कर खेती की जा रही थी

# प्रशासन ने लगभग दस करोड़ की भूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार न्यायालय तहसीलदार अशोकनगर के प्रकरण कमांक 0010/अ-68/ 2025-26 के क्रम में मंगलवार को ग्राम टकनेरी स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 39, 40, 41, 51 कुल शासकीय भूमि 10 वीघा पर से अतिक्रामक पवन कुमार पुत्र वजीरचंद छावडा निवासी अशोकनगर के द्वारा तारफेंसिंग, ईंट की दीवार बनाकर, सीमेंट के पिलर खडे करके एवं फसल बुबाई कर किया गया, अवैध अतिक्रमण मौके पर से हटाया गया। प्रशासन का अमला यहां जेसीवी मशीन लेकर पहुंचा था, इस मौके पर अशोकनगर एसडीएम सुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेंदू यादव सहित राजस्व व पुलिस अमले के साथ जाकर शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। उक्त शासकीय भूमि का बाजारू मूल्य



लगभग 10 करोड रूपये है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि उक्त शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस भी जारी किया गया था पर्याप्त समय दिया गया उसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके बाद यह अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

#### मंदसौर मिल की भूमि को लेकर 1937 का नक्सा मिला

शहर के बीचोंबीच अरबों रूपए की वेशकीमती भूमि जिसे मंदसौर मिल के नाम से जाना जाता है। इस भूमि को लेकर उच्च न्यायालय ग्वालियर की डबल बैंच में मामला लंबित है। कलेक्टर आदित्य सिह ने बताया कि उक्त भूमि को लेकर पटटा नहीं मिल रहा था। यह वर्ष 1937 का पटटा है, गुना के अभिलेखागार गृह से यह पटटा प्राप्त हो गया है। ज्ञात हो कि उक्त भूमि को लेकर नगर विकास समिति द्वारा लगातार अभियान चलाकर उक्त भूमि को शासन के हित में कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर की जाएगी आगे भी कार्रवाई

कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर लगातार कार्यवाही की जाएगी। कईं कॉलोनाईजरों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्यवाही की जा रही है इससे पूर्व में भी जिले में कईं स्थानों पर अतिक्रमण हटाए गए हैं।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी हुआ

## भगवान श्रीराम माता जानकी की विवाह पंचमी पर प्रभात फेरी निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अब ग्राम डोंगर में अनेक कार्य जन सहयोग से किए जाएंगे। जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा ग्राम डोंगर में भगवान श्रीराम माता जानकी की विवाह पंचमी पर ग्रामवासियों ने प्रातः 5 बजे संगीतमय रामधुन की प्रभातफेरी निकाली। इसके बाद मंदिर परिसर में योगाभ्यास किया गया, तत्पश्चात पहाड़ी स्थित हनुमानजी मन्दिर पर भगवान राम माता सीता की तस्वीर की पूजा कर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया।

ग्राम में जन जन को गीता पढ़ने की प्रेरणा देने के लिए समिति द्वारा सभी ग्रामीणजनों के सहयोग से हाथों में श्री राम माता जानकी की तस्वीर और हाथों में श्रीमद्भगवद्गीता के अठारह अध्याय की अठारह नाम पट्टिका लेकर ग्राम में गीता पढ़ो - आगे बढ़ो, रामकृष्ण ने क्या सिखाया सत्य अहिंसा प्रेम सिखाया, क्या खाने से होगी भलाई - माखन मिश्री दूध मलाई के नारे तथा स्वच्छता अपनाने के प्रेरक स्लोगन बोलते हुए चल रहे थे। पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए यात्रा हनुमान मंदिर पर पहुंची जहां चतुष्पद भागवत यानी चार श्लोकों में भागवत पुराण का वाचन वरिष्ठ गायत्री परिजन श्री रमेशचंद्र जी शर्मा ने किया। इसके बाद ग्राम विकास के बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## अंतरिक्ष विज्ञान में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित हुए दीपेश जैन

### बैंगलुरू में आयोजित समारोह में दिया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वरिष्ठ वैज्ञानिक दीपेश कुमार जैन को उनके असाधारण वैज्ञानिक योगदान और सामुदायिक सेवा के लिए नवोदय भूषण पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण सम्मान बेंगलुरु में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

जैन को यह प्रतिष्ठित सम्मान अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान चंद्रयान-1, चंद्रयान-2, चंद्रयान-3, आदित्य-एल1, गगनयान, जैसे भारत के ऐतिहासिक अंतरिक्ष अभियानों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया। इन मिशनों ने भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान के वैश्विक मंच पर मजबूत स्थान दिलाया है। इसके अतिरिक्त, जैन को विश्वभर में फैले नवोदय पूर्व छात्रों की दिशा में



लगातार 25 वर्षों से प्रेरक नेतृत्व, मार्गदर्शन और सेवा के लिए भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नवोदय समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने और युवाओं को विज्ञान एवं नवाचार की ओर अग्रसर करने में उनका योगदान व्यापक रूप से सराहा गया।

इस उपलब्धि ने न सिर्फ नवोदय परिवार, बल्कि श्री जैन के परिवार, मित्रों और संपूर्ण समाज में भी अत्यंत गौरव और उत्साह का संचार किया। उनके मूल विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय, खिरिया देवत, जिला अशोकनगर (म.प्र.) के शिक्षकों, विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों ने भी उन्हें हृदयपूर्वक बधाई दी और उनकी सफलता को विद्यालय का गौरव बताया। कार्यक्रम के दौरान कर्नाटक नवोदय विद्यार्थी समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष सोमेश तथा चयन समिति के सदस्यों ने कहा, "दीपेश जैन का समर्पण, साधना और उपलब्धियाँ नवोदय परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए जैन ने आयोजकों, जूरी और सम्पूर्ण नवोदय समुदाय के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पुरस्कार उन्हें और अधिक जुनून और जिम्मेदारी के साथ देश और समाज की सेवा के लिए प्रेरित करेगा। यह सम्मान नवोदय समुदाय, मध्य प्रदेश, इसरो और पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, जो भारत की वैज्ञानिक यात्रा में नवोदयनों के बढ़ते योगदान और नई पीढ़ी के सपनों को पंख देता है।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया की अध्यक्षता में सिटी प्लान और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अशोकनगर सिटी प्लान के अंतर्गत संचालित प्रमुख विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में लगभग 6645.85 लाख रूपये लागत वाली विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह,मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका अशोकनगर विनोद उन्नीतान, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

केन्द्रीय मंत्री सिधिंया ने बैठक में अशोकनगर के सुनियोजित विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी। बैठक में ग्राम मोहरीराय में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना को स्वीकृति दी गई, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 1660.23 लाख रूपये होगी। यह ट्रांसपोर्ट नगर नवीन मण्डी और स्वीकृत बाईपास रोड के पास बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 6,21,303 वर्गफुट भूमि का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही सिंधिया ने 4.1 किलोमीटर लंबी थीम रोड परियोजना पर भी चर्चा की, जिसकी लागत 3055.30 लाख रूपये है। इस सड़क को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिसमें 3क वॉल आर्ट म्यूरल्स, सजावटी स्ट्रीट लाइटिंग, लैंडस्केपिंग, पार्किंग स्थल और ईवी चार्जिंग पॉइंट्स शामिल होंगे।

सिंधिया ने बताया कि शहर की प्रवेश पॉइंट्स पर चार थीम द्वार भी बनाए जाएंगे, जो अशोकनगर की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रदर्शित करेंगे। इन गेट्स का निर्माण लगभग 509 लाख रूपये की लागत से किया जाएगा। गुना रोड पर राजराजेश्वर मंदिर थीम गेट, ईसागढ़ रोड पर माता बीजासन कदवाया थीम गेट, विदिशा रोड पर मां जानकी करीला धाम थीम गेट और चंदेरी रोड पर थीम गेट स्थापित किए जाएंगे। बैठक में सुझाव दिए गए थीम रोड बनाने के लिए साबरमती और ग्वालियर थीम गेट का उदाहरण लिया जा सकता है।

बैठक में तुलसी सरोवर सौंदर्यीकरण परियोजना पर भी चर्चा हुई, जिसकी अनुमानित लागत 598 लाख रूपये हैं। इस योजना के तहत बोट क्लब, पार्क निर्माण, लाइटिंग, हॉर्टीकल्चर और पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। तुलसी सरोवर के सौंदर्यीकरण से शहर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह स्थानीय लोगों के लिए एक आकर्षक मनोरंजन स्थल बनेगा। इसी परिसर में हनुमान जी की 108 फीट ऊँची अष्टधातु प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, जिसकी लागत 500 लाख रूपये है और इसका निर्माण जनभागीदारी मॉडल पर किया जाएगा।

## जिला अस्पताल के 6 वार्डों में मनोरंजन के लिए 6 टीवी लगाए जाएंगे: कलेक्टर

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को अशोकनगर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। मरीजों से चर्चा की, ठण्ड के मौसम के किस तरह के इंतजाम हैं इसका जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने निर्देश दिए कि जिला अस्पताल के 6 वार्डों में मनोरंजन के लिए 6 टीवी लगाए जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सिंह द्वारा सिविल सर्जन भूपेन्द्र शेखावत को दिए गए। उन्होंने ओपीडी, एनआरसी, महिला/पुरूष वार्ड सहित विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि ठंड को दृष्टिगत रखते हुए सभी वार्डों में आवश्यक व्यवस्थाएं वार्डों की




खिड़कियों को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह ने एसआईआर मे काम कर रहे मुंगावली तहसील के पटवारी के साथ गत दिवस घटित घटना में घायल होने पर जिला चिकित्सालय मे चल रहें उपचार के संबंध में जानकारी ली।

## 'भलाई करने वाला कभी हारेगा नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधसागर जी महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भलाई करने वाला कभी हारेगा हम से कुछ नहीं बनता तो कोई बात नहीं लेकिन हम किसी की बुराई नहीं करेंगे बुराई करने वाले को बुराई करने दो हमें बुराई नहीं करना। हमें किसी के अंदर की बुराईयों को नहीं कुरेदना आप लोगों की आदत होती है किसी के अंदर कोई दोष दिख जाए तो आप कुरेद कुरेद कर उसकी गहराई में जाना चाहते हैं।

उन्होनें कहा कि मान लो किसी की कोई कमी का पता लगा भी लिया तो तुम्हारे लिए क्या हासिल होगा कुछ भी नहीं मिलने वाला तुम्हारा अपना समय बहुत मूल्यवान है वे भी व्यर्थ चला जायेगा। यह जो समय चला गया फिर कभी वापिस आने





वाला नहीं है इसलिए कहा गया है अपना लौटा छानो और आनंद से रहो। बहुत छोटी सी जिंदगी मिली है इसका सदुपयोग करें। इसको भलाई बुराई से ऊपर उठकर कुछ अच्छा करने में लगा दो।

**शगुन अच्छा करो तो जिंदगी भी अच्छी होगी** उन्होंने कहा कि आप पर अपने जीवन की जिम्मेदारी है जिस दिन आपको घर ग्रहस्थी में प्रवेश कर रहे हैं। विवाह साधु दीक्षा से भी ख़तरनाक है। उसके लिए भी आप शगुन नहीं कर पा रहे हैं। दो अंजान व्यक्ति घर वसाने जा रहे हैं जब आप अपने जीवन को एक नये रूप में विवाह कर अपनी ग्रहस्थी बसाने जा रहे हैं तो अच्छा शगुन करना चाहिए। इसके लिए हमने चक्रवर्ती विवाह को प्रोत्साहित किया है। आज कुछ लोगो ने मार्ग अपनाया। इस शगुन को आप अपने बच्चो को दें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ राजेश के सी ने परम पूज्य के चरणों में श्री फल भेंट किए।

### सुंदरकांड का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** अयोध्या में राम उत्सव के पावन अवसर पर स्थानीय गांधी पार्क चैराहे पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ गायन का आयोजन श्री रामचरितमानस प्रेमी भक्तगण अशोकनगर द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिन्होंने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ का गायन किया। कार्यक्रम के समापन पर भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के सूत्रधार जयकुमार दुबे थे। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक संजय नागर, दिलीप रघुवंशी दीपक मिश्रा वेदराम लोधी गिर्राज उपाध्याय महेश त्यागी हरिशंकर भार्गव आदि रहे मौजूद।

## 267 आवेदक जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



**अशोकनगर।** प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के कार्यक्रम के अंतग्रत 267 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिन्हे कलेक्टर द्वारा समक्ष में सुना गया और निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम विजयपुरा निवासी सतेन्द्र यादव द्वारा छूटे हुए खसरा दर्ज कराए जाने, ग्राम भरका निवासी प्रियंका अहिरवार द्वारा प्रसूति सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम बडेरा निवासी गोरेलाल कुशवाह द्वारा पट्टा दिलाए जाने ,ग्राम बीलाखेड़ी निवासी मुन्नीबाई द्वारा सीमांकन कराए जाने,ग्राम बमूरिया निवासी लक्ष्मीबाई द्वारा पीएम आवास दिलाए जाने,ग्राम बिजौरी निवासी मदनसिंह द्वारा पटवारी द्वारा नामांतरण कराए जाने,ग्राम तरावली निवासी मुन्नीबाई द्वारा फौती नामांतरण कराए जाने, ग्राम सोवत निवासी सुनीता द्वारा भूमि पर कब्जा हटवाए जाने एवं सीमांकन कराए जाने, ग्राम सियार निवासी किशनबाई द्वारा राशन सामग्री दिलाए जाने, ग्राम बडेरा निवासी नथनसिंह द्वारा पट्टा दिलाए जाने के आवेदन दिए गए।

### तहसीलदार की समझाइश के बाद शुरू की गई नीलामी

# एक व्यापारी ने हाथ खींचे तो ठप हुई मंडी में डाक बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के बहादुरपुर कस्बे में करीबन पांच वर्ष पूर्व स्थापित हुई कृषि उप मंडी में इन दिनों मक्का की आवक जमकर हो रही है। प्रतिदिन पांच सौ ट्रॉली मक्का मंडी में पहुंच रही है। जिसकी डाक बोली मंगलवार को उस समय ठप्प पड़ गई जब गल्ला व्यापारी फर्म जितेंद्र कुमार शरद कुमार द्वारा डाक बोली से हाथ खींच लिए गए।

इसके बाद जो व्यापारी डाक बोली में पहुंचे उन्होंने मक्का के भाव बेहद कम लगाए। जिससे किसान आक्रोशित हो गए और हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार साहिर खान एवं थाना प्रभारी अरविंद कुशवाह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी व्यापारियों को बुलाकर मंडी प्रशासन के प्रतिनिधि के समक्ष समझाइश दी कि डाक बोली में सभी व्यापारी हिस्सा लें। करीब दो घंटे तक चली वार्ता के दौर के बाद उक्त



फर्म डाक बोली में शामिल हुई, जिसने पांच सौ में चार सौ ट्रॉली मक्का के सबसे ऊंचे भाव दिए। बताया गया है कि मंडी में होने को तो दस फर्म पंजीकृत हैं लेकिन दो तीन व्यापारियों को छोड़कर कोई भी व्यापारी उपज के माकूल भाव नहीं देता। कई व्यापारी तो डाक बोली में शामिल तक नहीं होते। मंडी में अच्छे भाव मिलने से किसान अवैध व्यापारियों को उपज नहीं बेच रहे हैं। ऐसे में पिछले आठ सीजनों में मंडी की आवक का 80 फीसदी उपज खरीदने वाली फर्म जितेंद्र कुमार शरद कुमार की कुछ व्यापारियों ने झूठी शिकायत प्रशासन से कर दी। जब मंडी प्रशासन ने उक्त फर्म को नोटिस निकाला तो व्यापारी डाक बोली में शामिल नहीं हुआ और मंडी ठप्प हो गई थी।

#### मंडी में अव्यवस्था फैला रहे असामाजिक तत्व

उप मंडी में डाक बोली कराने वाले मंडी कर्मचारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व हैं जो मंडी में अव्यवस्था फैला रहे हैं। यह तत्व कभी किसानों को बरगला कर तो कभी प्रशासन के समक्ष झूठी शिकायतें कर डाक बोली को प्रभावित कर रहे हैं। जबकि यह उप मंडी जिले की कई मंडियों से अधिक राजस्व प्रदान कर रही है।

#### बंद हुई अवैध खरीदी तो तिलमिलाए व्यापारी

बता दें कि जब उप मंडी चालू नहीं थी तो कस्बे में करीब एक दर्जन से अधिक अवैध गल्ला व्यापारी सक्रिय थे। जो किसानों की उपज को औने पौने भाव खरीद कर मंडी को राजस्व का चूना लगाते थे। मंडी चालू होने के बाद इनका व्यापार ठप्प हो गया। फिर जब प्रशासन ने नकेल कसी तो यह अवैध व्यापारी लाइसेंस बनवाकर डाक बोली में भाग लेने लगे लेकिन उपज का बेहतर भाव नहीं दे पाने से इनका कारोबार ठप्प ही रहा। अब अवैध खरीदी बंद होने से ऐसे व्यापारी तिलमिलाए हुए हैं और मंडी ठप्प कराना चाहते हैं।

#### इनका कहना है

हम आज दो घंटे मंडी में रुककर सारी चीजें समझ कर आए हैं। एक दो व्यापारी ही उपज का सही भाव दे रहे हैं। मंडी में फड़ नहीं होने से थोड़ी समस्या आ रही है। अव्यवस्था फैलाने वालों को प्रशासन द्वारा चिन्हित किया जा रहा है।

**साहिर खान,**
तहसीलदार बहादुरपुर

राजगढ़ जिला पंचायत के सीईओ भी रह चुके हैं ये प्रशासनिक अधिकारी

# आईएएस संतोष वर्मा के बयान की सर्वत्र निंदा, आज फूंके जाएंगे पुतले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

राजगढ़ जिले के पूर्व जिला पंचायत सीईओ एवं वर्तमान में कृषि विकास एवं कल्याण विभाग के उप-सचिव, अजाक्स संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्रहामण समाज की बेटियों के बारे में दिए गए बयान की सभी जगह निंदा की जा रही है। वर्मा के बयान को लेकर न केवल ब्रहामण समाज बल्कि अन्य समाजों के लोगों ने भी तीखी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं। उनके इस बयान के विरोध में बुधवार को राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़ सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में ब्रहामण समाज द्वारा वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने अलग-अलग थानों में आवेदन दिए जाएंगे। इसके साथ ही उनका पुतला दहन किए जाने की सार्वजनिक घोषणा भी समाज संगठनों के पदाधिकारियों ने की है।



आईएएस वर्मा द्वारा भलेही अपने बयान पर खेद व्यक्त किया जा चुका हो लेकिन बेटियों के अपमान से आहत समाज के लोग इससे संतुष्ट नहीं है और न केवल उन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की जा रही है बल्कि राज्य शासन से उन्हें हटाने का प्रस्ताव केंद्र को भिजवाने की मांग भी तेज हो उठी है।

### सोशल मीडिया पर जमकर हो रही आलोचना

वर्मा द्वारा कहे गए शब्दों को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना की जा रही है। आमजनों द्वारा कहा जा रहा है कि सिविल सर्विसेज से जुड़े एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बेटियों को लेकर दिया गया बयान न केवल निंदनीय है बल्कि उन पर कानूनी सहित अन्य प्रशासनिक कार्यवाहियां भी प्रस्तावित की जानी चाहिए। सोशल मीडिया पर आमजनों ने कहा कि यह न केवल ब्रहामण समाज बल्कि सभी समाजों की बेटियों का खुलेआम अपमान है जो क्षम्य नहीं है। ऐसे व्यक्तियों को सिविल सेवा के प्रशासनिक उत्तरदायित्वों से मुक्त कर दिया जाना चाहिए।

### किस समय कहां जलेंगे पुतले

ब्यावरा ब्रहामण समाज अध्यक्ष बीके शर्मा एवं कार्यकारी अध्यक्ष गिरिराज शर्मा के अनुसार बुधवार सुबह 11 बजे पीपल चौराहे पर वर्मा का पुतला दहन किया जाएगा। इसके उपरान्त थाने पहुंचकर उन पर एफआईआर दर्ज करने संबंधी आवेदन सभी समाजजन सौंपेंगे। इसी तरह राजगढ़, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़ में भी विभिन्न चौराहों पर उनके पुतले दहन किए जाकर मुकदमा दर्ज करने की मांग रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आईएएस वर्मा का विवादों से यह कोई नाता नहीं है। वर्मा द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाकर पदोन्नति पाने सहित कुछ महिलाओं से संबंधों के मामले भी पूर्व में उजागर हो चुके हैं।

नागरिकों ने नपा व पुलिस को इस ओर ध्यान देने की मांग की

# कबाड़ की आड़ में कबाड़ी खरीद रहे वाहन और मोटर पंप, जिम्मेदार बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कबाड़ के नाम पर चल रहा अवैध खरीद फरोख्त का खेल लगातार बढ़ता जा रहा है। कबाड़ी खुलेआम टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर वाहन, आयरन पाइप, ट्रैक्टर के पाट्‌र्स, यहां तक कि किसानों के खेतों में लगे मोटर पंप तक खरीद रहे हैं। इससे न सिर्फ चोरी की घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि असामाजिक तत्वों को भी संरक्षण मिल रहा है। सवाल यह है कि जिम्मेदार विभाग और प्रशासन इस गतिविधि से पूरी तरह बेखबर क्यों बने हुए हैं?

आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ महीनों में खेतों से मोटर पंप गायब होने की घटनाएं बढ़ी हैं। कई बार शिकायतें थाने तक पहुंचती भी हैं, लेकिन जांच आगे नहीं बढ़ पाती। दूसरी ओर कबाड़ी बिना किसी लाइसेंस जांच या रजिस्टर में विवरण दर्ज किए महंगे वाहन और उपकरण खरीद रहे हैं। इससे चोरी किए गए वाहन और



मशीनरी आसानी से स्क्रैप में गायब कर दी जाती हैं, जिससे उनकी पहचान मुश्किल हो जाती है।

जनचर्चा यह भी है कि नगर के कुछ कबाडी तो रात के समय संदिग्ध व्यक्तियों से सामान मंगवाकर उसी समय कैश में खरीद लेते हैं। यह पूरे नेटवर्क पर संदेह पैदा करता है कि कहीं न कहीं चोरी और कबाड़ कारोबार के बीच मजबूत लिंक सक्रिय है। कई जागरूक नागरिकों ने नगर पालिका, पुलिस और राजस्व विभाग को इस ओर ध्यान दिलाने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। यदि प्रशासन ने समय रहते नियंत्रण नहीं किया तो क्षेत्र में चोरी और अवैध कबाड़ कारोबार दोनों ही भयावह रूप ले सकते हैं। जिम्मेदार नागरिकों ने वरिष्ठ अधिकारियों से खबर के माध्यम से मांग की कि ऐसे कबाड़ी प्रतिष्ठानों की जांच करने, लाइसेंस सत्यापन और संदिग्ध खरीद पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुनरीक्षण कार्य की प्रगति में खिलचीपुर विधानसभा अव्वल

# एसआईआर: अंतिम तिथि में 8 दिन शेष, 79 फीसदी कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) तीव्र गति से चल है। जिले की सभी पांचों विधानसभाओं में एसआईआर प्रगति की बात करें तो अब तक लगभग 79 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। दूसरे शब्दों में सभी बीएलओ द्वारा मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का 79 प्रतिशत डिजिटाईजेशन पूरा किया जा चुका है। आपको बतादें कि जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन होना है, जिनमें से 25 नवंबर की शाम 6 बजे तक 9 लाख 25 हजार के लगभग मतदाताओं के फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके थे। अगर विधानसभावार देखें तो अभी तक हुए एसआईआर कार्य में खिलचीपुर विधानसभा अव्वल स्थान पर है।

### 4 दिसंबर तक पूर्ण करना है एसआईआर कार्य

राज्य निवार्चन आयोग ने एसआईआर कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि आगामी 04 दिसंबर निर्धारित की है। ऐसे में आगामी 08 दिनों में शेष रहे मतदाताओं के गणना-पत्रकों की डिजिटाईजेशन किया जाएगा। जिले के उच्चाधिकारी भी प्रतिदिन हर 2 घंटे में बूथवाईज



एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। सभी बीएलओ, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी, निकायों व पंचायत का अधीनस्थ अमला दिन के साथ-साथ रात में भी इस काम को पूर्ण करने में जुटा हुआ है।

द्वितीय अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

# प्राणघातक हमले के 2 आरोपियों को 10-10 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब 5 वर्ष पहले साल 2021 में एक युवक के सीने पर चाकू से वार करते हुए प्राणघातक हमला करने वाले 2 आरोपियों को न्यायालय ने 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। खिलचीपुर में हुई इस घटना का प्रकरण राजगढ़ द्वितीय अपर सत्र न्यायालय में चल रहा था जहां अभियोजन पक्ष के गवाहों एवं सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनाई गई है।



### क्या था पूरा मामला

लोक अभियोजक पीएन मालाकार ने बताया कि लखन नाम के युवक ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके गांव के ललित पर हरिसिंह पिता कंवरलाल निवासी बघेली ने आरोप लगाया था कि उसकी(हरिसिंह) की पत्नी को ललित अपनी बाईक पर बैठाकर ले गया था। इस पर हुए विवाद के चलते 2 सितंबर 2021 को दोनों पक्ष के लोग सुलह, बातचीत के लिए खिलचीपुर के नाहरदा मंदिर में इकट्ठा हुआ थे।

इस दौरान हरिसिंह ने चाकू निकाला और ललित को जान से मारने की नीयत से उसके सीने पर वार कर दिया। हरिसिंह के साले विष्णु ने भी ललित को पकड़ लिया। चाकू के हमले में लहुलुहान हुए ललित को बाद में अस्पताल भेजा गया एवं थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज करवाई गई। पुलिस ने उस समय हरिसिंह व विष्णु पर धारा 307, के तहत अपराध दर्ज कर चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया। इसी मामले में तमाम सबूतों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी हरिसिंह पिता कंवरलाल सौंधिया निवासी बघेली एवं विष्णु पिता प्रेमसिंह सौंधिया निवासी उदपुरिया को दोषी पाते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई है। दोनों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

10 लाख से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण

# सुंदरपुरा मोरसरा की पुलिया पर एक बार फिर अनियमितता की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में सात महीने पहले राशि निकाल ली गई। जमीनी स्तर पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। जब हरिभूमि ने इस मामले को आठ नवंबर को समाचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब जाकर प्रशासन के दबाव में ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया। सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव ने जनपद के अधिकारी की सांठगांठ से निकाल लिए गया था। जिसका 16 नवम्बर को काम चालू किया अब उसी काम में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा 2 फिट निम खोद कर बिना बेस बनाए सीमेंट पाइप जमीन पर ही रख दिया। डस्ट वाली गिट्टी जिसमें आदि धूल और मिट्टी मिली है उसी गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। दोनों साइट दीवार उठाई जा रही है। उसमें सीमेंट भी नाम मात्र की मिला रहे हैं। समय रहते



इस ओर ध्यान नहीं दिया तो ये पुलिया ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है। पहली बारिश में उखड जाएगी क्योंकि इस पुलिया पर काफी दूर तक का पानी आता है कॉलोनी से इसी रस्ते को पार करके बच्चे स्कूल जाते ये पुलिया ग्रामीणों के लिए बारिश के समय में खतरा बन सकती है।

### इनका कहना है...

अभी मैं हड़ताल में था। कल जाकर देखूंगा।
**अरुण कुमार,** जनपद पंचायत इंजीनियर ब्यावरा

खुजनेर बैठक में समाज सुधार और युवाओं के मार्गदर्शन पर चर्चा की

# धाकड़ महासभा: विवाह खर्च घटाने, कैरियर क्लास का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

श्री धाकड़ महासभा संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। वात्सल्य एकेडमी स्कूल में आयोजित इस बैठक में समाज सुधार, सामूहिक विवाह, अनावश्यक खर्चों पर रोक और युवाओं के मार्गदर्शन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद रोडमल नागर, मुख्य अतिथि गुलाब सिंह सुस्तानी, एमएल नागर और केसी नागर द्वारा भगवान धरणीधर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सांसद रोडमल नागर ने बैठक की अध्यक्षता की।

### सांसद ने बढ़ते विवाह खर्चों पर जताई चिंता

सांसद नागर ने समाज में बढ़ते विवाह खर्चों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने जोर दिया कि




समाज को कम खर्चीली शादियों की दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि जिले में केवल दो से तीन स्थानों पर ही सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाएं, जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके। इसके अतिरिक्त, सांसद ने समाज में एक कैरियर क्लास शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इसका उद्देश्य युवक-युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं व करियर निर्माण में मार्गदर्शन प्रदान करना है, ताकि उन्हें सही दिशा मिल सके।

### डीजे संस्कृति समाज के लिए हानिकारक : जिलाध्यक्ष

जिला अध्यक्ष हेमराज पटेल ने डीजे संस्कृति को समाज के लिए हानिकारक बताया। उनके अनुसार डीजे के कारण युवाओं में शराब की लत बढ रही है, इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। बैठक में नीलू चैधरी ने कहा कि समाज में शादी में ममेरे भाइयों द्वारा बहनों को दिए जाने वाले महंगे उपहारों पर रोक लगाने तथा मृत्यु भोज में केवल मामा पक्ष एवं ससुराल की ओर से ही पगड़ी बांधने जैसे प्रस्तावों पर सहमति जताई। कार्यक्रम का संचालन बालकृष्ण नागर ने किया तथा आभार सरपंच देवकरण नागर ने व्यक्त किया। बैठक समाज के उत्थान, अनावश्यक खर्चों पर रोक, युवा वर्ग के मार्गदर्शन और विवाह प्रथाओं में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# भगवान गिर्राजधरण और सिद्धेश्वर बालाजी को अर्पित किए 56 भोग

## पारायण समिति एवं जेल चौराहा मंदिर में हुए आयोजन

**राजगढ़।** श्रीराम विवाह पंचमी के पावन अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन संपन्न करवाए गए। स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति परिसर में भगवान गिर्राज धरण एवं जेल चौराहा स्थित सिद्धेश्वर



हनुमान मंदिर में भगवान को 56 भोग की प्रसादी अर्पित करते हुए क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना ईश्वर से की गई। जेल चौराहा स्थित सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर के शिखर पर ध्वज अर्पण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रृद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना करते हुए आर्शिवाद प्राप्त किया। इसी तरह पारायण समिति स्थित भगवान गिर्राजजी को छप्पन भोग अर्पित करने के पूर्व महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। उल्लेखनीय है कि दोनों मंदिर समिति से जुड़े श्रृद्धालुओं, समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा काफी दिनों से उक्त आयोजनों को लेकर तैयारियां की जा रही थीं। इन दोनों मंदिरों के साथ ही नगर के अन्य मंदिरों में भी श्रृद्धालुओं द्वारा अलग-अलग अनुष्ठान संपन्न करवाए गए।

### अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा मौर्य भी हुए सम्मिलित

गीता मानस प्रचार समिति में भगवान गिर्राज धरण की पूजा-अर्चना एवं छप्पन भोग अर्पण अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य पहुंचे। उन्होंने स्थानीय श्रृद्धालुओं से वार्तालाप करते हुए नगर में चल रहे धार्मिक आयोजनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# आदर्श विद्यालय में वार्षिक उत्सव, छात्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

## विधायक बोले विपरीत परिस्थितियों से निकलकर शिक्षा में बनाया अलग स्थान



**कुरावर।** आदर्श विद्यालय में मंगलवार दोपहर आयोजित वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में आए सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्यालय ने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा, खेल और सामाजिक मूल्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान बनाया है। विशेष अतिथि पूर्व कलेक्टर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनारायण चौहान ने छात्रों को समाज में फैल रही कुरीतियों से सतर्क रहने और सकारात्मक दिशा में आगे बढने की प्रेरणा दी। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राम-कहानी, कठपुतली नृत्य, राजस्थानी व शास्त्रीय नृत्य, महाकाली और वोट के लिए धन्यवाद जैसी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में रवि शर्मा और लखमीचंद्र चौधरी ने उद्बोधन दिया। स्वागत भाषण शाह (पीटी) ने पेश किया, जबकि वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य अनिता शाह ने प्रस्तुत किया। संचालन अमित शर्मा ने किया। आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री लखन राजपूत, लक्ष्मण सिंह राणा, ओम शर्मा, गोलू शर्मा, पार्षद अनिल दरबार, राजकुमार चौकसे, मोहन वर्मा, राकेश शर्मा, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक शामिल रहे। आभार आदर्श शाह ने किया।

गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर आयोजन

# गुरुजी के बलिदान को किया याद, गुरुबाणी का गायन





**ब्यावरा।** सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में गुरु सिंह सभा, राजगढ़ रोड (ब्यावरा) द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगत ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ गुरु जी के अपार त्याग, बलिदान और मानवता के लिए किए गए उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन और गुरबाणी गायन से हुई, जिसमें रागी जत्थों ने गुरु जी की बाणी का मधुर रस संगत को श्रवण करवाया। पूरा परिसर "वाहेगुरु" के स्मरण और शांति के संदेशों से गूंज उठा। इसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

संगत ने गुरु परंपरा के अनुरूप सेवा, समानता और प्रेम का संदेश आत्मसात किया। इस अवसर पर ज्ञानी साहिबान ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी को "हिंद की चादर" की उपाधि इसलिए दी गई क्योंकि उन्होंने धर्म की रक्षा, मानवाधिकारों की सुरक्षा और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपने प्राणों की आहुति दे दी। कश्मीर के हिंदुओं और संतों की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान विश्व मानवता के इतिहास में अद्वितीय है। संगत ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे गुरु जी द्वारा दिखाए गए साहस, सत्य, त्याग, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलते रहेंगे और समाज में शांति, भाईचारे और सहअस्तित्व की भावना को आगे बढाएंगे। कार्यक्रम के अंत में समूची संगत ने गुरु साहिब के चरणों में अरदास कर देश और समाज की खुशहाली, शांति एवं सर्वजन मंगल की कामना की।